>

Title: Need to set up a Mega Food Park in Guna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid.

**श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना):** लोक सभा क्षेत्र गुना मुख्यतः कृषि प्रधान क्षेत्र है । यहां की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है, जिनकी आय का मुख्य स्रोत कृषि कार्य है। गुना लोक सभा क्षेत्र में मुख्यतः गेहूं, चना, मक्का, प्याज, लहसन, टमाटर आदि की खेती की जाती है, साथ ही साथ इस क्षेत्र में सोयाबीन, धनिया आदि की खेती भी प्रमुखता से की जाती है। यहां के कृषि उत्पादों की पूरे देश में आपूर्ति की जाती है, किन्तु इन उत्पादों के उचित रख-रखाव और संग्रहण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अधिकांशतः बर्बाद हो जाता है जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है ।

गुना लोक सभा क्षेत्र में अगर मेगा फूड पार्क की स्थापना कर दी जाए तो हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ तो मिलेगा ही साथ ही किसानों को अपने उत्पादों का विक्रय करने हेतु कहीं दूर जाने की जगह अपने शहर में ही स्थित मेगा फूड पार्क में आपूर्ति कर पायेंगे ।

इसके साथ ही यहां के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगां यहां के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का पलायन रोजगार न होने के कारण होता है, मेगा फूड पार्क की स्थापना से इस पलायन को प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा, साथ ही हमारी सरकार का खेती को लाभ का व्यवसाय एवं अंतिम व्यक्ति को स्वावलम्बी बनाने का उद्देश्य भी सार्थक होगा ।